| |
|---|
| दिनांक 17.07.2024 |
| प्रेस विज्ञप्ति 19/2024 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

**जनपद भदोही/थाना गोपीगंज**

- **पुलिस कार्यवाही में 25–25 हजार रूपये के 05 पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लूट के 10 हजार रूपये नगद**
- **लूट के लगभग 04 किलो 205 ग्राम चाँदी के आभूषण**
- **03 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस**
- **घटना में प्रयुक्त लूट/चोरी की 02 मोटर साइकिल (बिना नम्बर प्लेट) आदि बरामद**

दिनांक 16/17.07.2024 की रात्रि थाना गोपीगंज, थाना सुरियावां व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर प्राथमिक विद्यालय चकसहाब के पास चेकिंग के दौरान मोटर साइकिल सवार बदमाशों को रोकने का प्रयास किया गया तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गई फायरिंग में अभियुक्त 1–गोविन्द 2–दीपक 3–गोविन्दा उर्फ गोविन्द घायल हो गये, जिन्हे अभियुक्त 4–उमेश 5–आदर्श सहित गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लूट के 10 हजार रूपये नगद, लूट के लगभग 04 किलो 205 ग्राम चाँदी के आभूषण, 03 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस, घटना में प्रयुक्त लूट/चोरी की 02 मोटर साइकिल (बिना नम्बर प्लेट) आदि बरामद हुई। घायलों को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं, जो थाना गोपीगंज पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25–25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना गोपीगंज पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–गोविन्द निवासी रसूलपुर रामपुर थाना नवाबगंज कमिश्नरेट प्रयागराज।

2–दीपक निवासी टिकरी थाना नवाबगंज कमिश्नरेट प्रयागराज।

3–गोविन्दा उर्फ गोविन्द निवासी फरीदपुर थाना नवाबगंज कमिश्नरेट प्रयागराज।

4–उमेश निवासी घाटमपुर थाना नवाबगंज कमिश्नरेट प्रयागराज।

5–आदर्श निवासी फरीदपुर थाना नवाबगंज कमिश्नरेट प्रयागराज।

**बरामदगी**

1–लूट के 10 हजार रूपये नगद।

2–लूट के लगभग 04 किलो 205 ग्राम चाँदी के आभूषण।

3–03 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

4–घटना में प्रयुक्त लूट/चोरी की 02 मोटर साइकिल (बिना नम्बर प्लेट) आदि।

## जनपद गाजीपुर/थाना कोतवाली

- **पुलिस कार्यवाही में 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस**
- **01 मोटर साइकिल बरामद**

दिनांक 16.07.2024 को थाना कोतवाली व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर सैनिक चौराहा के पास मोटर साइकिल सवार बदमाश को रोकने का प्रयास किया गया तो बदमाश ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त विशाल घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस, 01 मोटर साइकिल बरामद हुई। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके विरूद्ध जनपद आजमगढ़, अम्बेडकरनगर, गाजीपुर, जौनपुर, सुलतानपुर, कमिश्नरेट लखनऊ के विभिन्न थानो में हत्या का प्रयास, लूट, चोरी, धोखाधड़ी, गैंगेस्टर एक्ट, आर्म्स एक्ट, आबकारी एक्ट आदि के 02 दर्जन अभियोग पंजीकृत है गिरफ्तार अभियुक्त जनपद आजमगढ़ पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना कोतवाली पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–विशाल निवासी खानपुर दोस्तपुर थाना सरायमीर जनपद आजमगढ़।

**बरामदगी**

1–01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

2–01 मोटर साइकिल।

**जनपद मुजफ्फरनगर/थाना शाहपुर**

- **पुलिस कार्यवाही में 01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद**

दिनांक 17.07.2024 को थाना शाहपुर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर ग्राम मंधेडा जंगल में बदमाशों की घेराबन्दी की गई तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त इमरान उर्फ लाला घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। एक अन्य बदमाश मौके से फरार हो गया, जिसकी गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद हुए। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

इस सम्बन्ध में थाना शाहपुर पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—इमरान उर्फ लाला निवासी सूजडू थाना खालापार जनपद मुजफ्फरनगर।

**बरामदगी**

1—01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

## कमिश्नरेट आगरा/थाना किरावली

- **04 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की 03 मोटर साइकिल एवं मोटर साइकिल के पार्टस आदि बरामद**

दिनांक 17.07.2024 को थाना किरावली पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर बिजली घर के पास से 04 अभियुक्तों 1—अनीश 2—इसराज 3—अफजाल 4—आशिक को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी की 03 मोटर साइकिल एवं मोटर साइकिल के पार्टस आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 14.07.2024 को थाना किरावली क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरो द्वारा मोटर साइकिल चोरी की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना किरावली पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी व माल बरामदगी के प्रयास किये जा रहे थे।

इस सम्बन्ध में थाना किरावली पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—अनीश निवासी महुअर थाना किरावली कमिश्नरेट आगरा।

2—इसराज निवासी महुअर थाना किरावली कमिश्नरेट आगरा।

3—अफजाल निवासी कलवाली थाना जगदीशपुरा कमिश्नरेट आगरा।

4—आशिक निवासी कलवाली थाना जगदीशपुरा कमिश्नरेट आगरा।

**बरामदगी**

1—चोरी की 03 मोटर साइकिल एवं मोटर साइकिल के पार्टस आदि।

## जनपद सोनभद्र/थाना रॉबर्टसगंज

- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 20 लाख रूपये कीमत के 01 कुन्तल 50 किलोग्राम अवैध गांजा**
- **01 ट्रक बरामद**

दिनांक 17.07.2024 को थाना रॉबर्टसगंज व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर वाराणसी–शक्तिनगर मार्ग राधे कृष्ण ढाबा के पास से 02 अभियुक्तों 1–चंद्रेश उर्फ बब्बू 2–टहल को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लगभग 20 लाख रूपये कीमत के 01 कुन्तल 50 किलोग्राम अवैध गांजा, 01 ट्रक बरामद हुए।

इस सम्बन्ध में थाना रॉबर्टसगंज पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–चंद्रेश उर्फ बब्बू निवासी ग्राम देवरी थाना पड़री जनपद मीरजापुर।

2–टहल निवासी ग्राम पकीवा थाना कलानौर जनपद गुरूदासपुर, पंजाब।

**बरामदगी**

1–लगभग 20 लाख रूपये कीमत के 01 कुन्तल 50 किलोग्राम अवैध गांजा।

2–01 ट्रक।

———–